# 22. अनुच्छेद-लेखन

अनुच्छेद-लेखन कम शब्दों में सटीक बात कहने का सशक्त माध्यम है। किसी विषय पर अपने विचारों को क्रमबद्ध तरीके से लिखना अनुच्छेद-लेखन कहलाता है। अनुच्छेद कम शब्दों में अधिक बात कहने की कला है। अनुच्छेद-लेखन द्वारा छात्रों की विषय के प्रति जागरूकता, उनकी विचारधारा, भाषा पर पकड़ तथा वाक्यों को पिरोने की क्षमता को आँका जाता है।

## शिक्षण-संकेत

- ❖ शिक्षक/शिक्षिका छात्रों को कोई विषय दें तथा उनसे उस पर कुछ वाक्य बुलवाएँ।
- ❖ समझाएँ, अनुच्छेद अपने विचारों को सटीकता से प्रकट करने का माध्यम है।
- ❖ अनुच्छेद लिखते समय ध्यान रखने योग्य बिंदुओं पर चर्चा करें।
- ❖ पाठ पृष्ठ 155-157 पर दिए अनुच्छेदों को छात्रों से पढ़वाएँ।
- ❖ यथासंभव प्रत्येक छात्र को अनुच्छेद अंश पढ़ने का अवसर दें।